सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 181 | इंदौर, बुधवार 15 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## एमपी के कई बड़े शहरों में भाजपा अध्यक्ष घोषित

### इंदौर के लिए रस्साकशी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश के बड़े शहर में भाजपा नगर अध्यक्ष घोषित हो चुके है,लेकिन इंदौर में अभी तक नगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पाई है। इंदौर में नगर अध्यक्ष पद के लिए दीपक जैन टीनू, सुमित मिश्रा और मुकेश राजावत के नाम चर्चा में है।

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दीपक जैन और जिलाध्यक्ष के लिए चिंटू वर्मा के नाम पर मुहर लगवाना चाहते है, लेकिन मुख्यमंत्री और संघ की पसंद राजावत है। यदि इंदौर को लेकर सहमति नहीं बन पाती है तो फिर रणदिवे और चिंटू वर्मा रिपीट हो सकते है,क्योकि 11 जिलों में अध्यक्ष नहीं बदले गए है।

भाजपा नगर अध्यक्षों की तीसरी लिस्ट में भी इंदौर का नाम खाली है। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर जैसे शहरों में नगर अध्यक्ष घोषित हो चुके है, लेकिन इंदौर के नगर अध्यक्ष की कुर्सी के लिए भोपाल से लेकर दिल्ली तक जोर लगा हुआ है। संगठन यहां जातिगत समीकरणों का भी ध्यान रखना चाहता है।

विधानसभा चुनाव में जैन समाज की तरफ 9 विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं बनाया गया था। इसे लेकर समाज में नाराजगी भी पनपी है। इसे देखते हुए दीपक जैन का नाम आगे है। इस नाम पर विजयवर्गीय की भी सहमति है, जबकि मुख्यमंत्री की पसंद मुकेश राजवात है। अखिल भारतीय परिषद के समय से दोनों में काफी अच्छा समन्वय रहा है।

विधानसभा चुनाव में इंदौर की नौ सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज कराई। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में देश में सबसे ज्यादा वोट इंदौर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को मिले। संगठन इसके पुरस्कार में गौरव को रिपिट कर सकता है।

## देश में कुल 18 मामले हो गए

नई दिल्ली। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। सोमवार को पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है। इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है। देश में HMPV के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है।

### हाईकोर्ट का अहम फैसला

# तलाक लिए बिना अलग रह रही महिला करवा सकती है गर्भपात पति की मंजूरी जरूरी नहीं

**चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि तलाक लिए बिना अपने पति से अलग रह रही महिला पति की सहमति के बिना भी गर्भ समाप्त कर सकती है। महिला ने अपने पति की सहमति के बिना अपना 18 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने के मोहाली के फोर्टिस अस्पताल को निर्देश देने की मांग की थी। याची ने बताया कि गर्भपात के लिए निर्धारित अवधि से अधिक का गर्भ नहीं होने के कारण उसकी गर्भावस्था चिकित्सकीय रूप से समाप्त की जा सकती है।**




याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि महिला को कम दहेज लाने के कारण उसके ससुराल वालों द्वारा क्रूरता का सामना करना पड़ा और उसके पति ने भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसने अपने निजी क्षणों को गुप्त रूप से रिकॉर्ड करने के लिए दो बार अपने बेडरूम में एक पोर्टेबल कैमरा भी लगाया। कथित क्रूरता के कारण महिला अलग रहने लगी और प्रस्तुत किया कि उसकी अवांछित गर्भावस्था को जारी रखने से उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होगा।

हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता घरेलू हिंसा के कारण अपने पति से अलग हो गई, लेकिन कानूनी रूप से तलाक नहीं हुआ है, फिर भी वह वैवाहिक स्थिति में परिवर्तन के आधार पर अपने पति की सहमति के बिना गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए पात्र है। हाईकोर्ट ने कहा कि अवांछित गर्भधारण के लिए मजबूर होने पर, एक महिला को महत्वपूर्ण शारीरिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे के जन्म के बाद भी ऐसी गर्भावस्था के परिणामों से निपटना याचिकाकर्ता पर अतिरिक्त बोझ डालता है। इससे जीवन में अन्य अवसरों जैसे कि रोजगार और अपने परिवार की आय में योगदान करने की उसकी क्षमता प्रभावित होती है।

उपरोक्त के आलोक में, न्यायालय ने याचिका को स्वीकार कर लिया और याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि आदेश से तीन दिनों के भीतर संबंधित सीएमओ से संपर्क करे। यद्यपि याचिकाकर्ता विधवा या तलाकशुदा के दायरे में नहीं आती है, तथापि, चूंकि उसने कानूनी रूप से तलाक लिए बिना अपने पति से अलग रहने का निर्णय लिया है, इसलिए वह गर्भ समाप्त करने के लिए पात्र है।

### मोहन यादव कैबिनेट की बैठक आज

# नई आबकारी नीति पर लग सकती है मुहर अहाते के बदले खुल सकते हैं मिनी बार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक बुधवार को मंत्रालय में आयोजित होगी। इसमें अलग-अलग विभागों के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई आबकारी नीति पर चर्चा हो सकती है। नई आबकारी नीति के ड्रॉफ्ट में शराब दुकानों के पास मिनी बार (परमिट रूम) खोलने, धार्मिक नगरों में शराबबंदी और ग्रामीण क्षेत्रों में नई दुकानों को शुरू करने की बात कही जा रही है।

नई नीति में शराब की दुकानों के पास मिनी बार या परमिट रूम खोलने का प्रस्ताव रखा है। इससे खाली मैदानों और सड़कों पर शराब पीने की घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकेगा। आबकारी विभाग का मानना है कि इस कदम से सड़क पर होने वाली भीड़ कम होगी और



सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। इसके अलावा, सरकार एक दर्जन से ज्यादा धार्मिक नगरों में शराबबंदी पर विचार कर रही है।

इनमें उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगर शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इस कदम से धार्मिक नगरी की पवित्रता बनी रहेगी, लेकिन इससे होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए इन नगरों की बाहरी सीमाओं में शराब दुकानें खोली जा सकती हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। नई नीति के तहत 200 से ज्यादा नई शराब दुकानें खोली जाएंगी। वहीं, पेसा अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं को शराब विक्रय पर नियंत्रण का अधिकार भी मिलेगा। सरकार पड़ोसी राज्यों के मुकाबले शराब की कीमतों में अंतर को कम करने पर विचार कर रही है।

# सेवा कार्य कर दिया मानवता और पशुओं की सेवा का संदेश





**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। मानवता और पशुओं के साथ ही जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रतिष्ठित राजनेता, प्रख्यात वकील और सामाजिक विचारक सलमान खुर्शीद के जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हुए हर्ष खंडेलवाल ने यह संदेश दिया। सलमान खुर्शीद भारतीय राजनीति के उन गिने-चुने नेताओं में से हैं, जिन्होंने अपनी काबिलियत से राजनीति और कानून दोनों क्षेत्रों में पहचान बनाई। गरीबों वंचितों के मसीहा माने जाने वाले और बेहद संजीदा संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हिंदुस्तान के नामी वकील भारत के भूतपूर्व विदेश मंत्री - लोकसभा - सदस्य एवं सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट सलमान खुर्शीद साहब का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। हर्ष खंडेलवाल ने बताया कि नामचीन वकील सलमान खुर्शीद के सानिध्य में काम करना मेरा सौभाग्य है। प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी ऐसे महापुरुष के जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हुए गोशाला में जाकर गायों को भोजन कराया और वहीं सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करने के साथ ही जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित कर श्री खुर्शीद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की गई।

# एम-09-एजी सीरीज के वीआईपी नंबरों की शुरू हुई नीलामी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। परिवहन विभाग ने वाहनों के लिए नई नंबर सीरीज एमपी-09-एजी शुरू कर दी है। इसके साथ ही वीआईपी नंबरों की नीलामी का सिलसिला भी शुरू हो गया। सोमवार रात से ही इन नंबरों को ऑनलाइन नीलामी के लिए अपलोड कर दिया गया है। इस बार भी सबसे ज्यादा पसंदीदा 0001 नंबर है। परिवहन विभाग ने 0001 से 9999 तक के नंबरों में से 500 चुनिंदा नंबरों को वीआईपी श्रेणी में रखा है। इन नंबरों की नीलामी हर सप्ताह सोमवार से गुरुवार तक होती है। खासकर नई सीरीज शुरू होने पर नीलामी में सबसे ज्यादा उत्साह देखा जाता है, क्योंकि इस दौरान सभी वीआईपी नंबर एक साथ उपलब्ध होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा डिमांड 0001 नंबर की होती है। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि पिछली सीरीज MP-09-F के सभी नंबर खत्म हो जाने के बाद अब नई सीरीज एमपी-09-एजी लॉन्च की गई है। 9000, 9999 और 0909 जैसे नंबरों पर पहले ही बोली लग चुकी है। नीलामी गुरुवार शाम 5 बजे तक जारी रहेगी और सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को नंबर अलॉट किया जाएगा। इंदौर में 0001 नंबर अब तक 13 लाख रुपए में बिक चुका है। हालांकि, हर महीने नई सीरीज शुरू होने के कारण अब नीलामी में उतनी ऊंची बोली नहीं लगती। सीरीज के तेजी से खत्म होने की वजह यह है कि वर्तमान में एक ही सीरीज से सभी वाहनों को नंबर दिए जाते हैं।




# सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस मनाया

### सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस' पर पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवाओं एवं वीरनारियों का किया गया सम्मान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। देश के पहले कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा की स्मृति में 'सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस' मनाया गया। 'सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस' के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि यह 'सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस' भारतीय सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा की महान सेवाओं की याद एवं वयोवृद्ध सेनानियों के सम्मान में मनाया जाता है। फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा ने WW-II के दौरान ब्रिटिश रॉयल आर्मी में सेवा दी थी एवं देश के स्वतंत्र होने के बाद भारतीय सेना का नेतृत्व किया था। फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा ने भारत-पाक युद्ध सन् 1947 में भारतीय सेना को नेतृत्व करते हुए, युद्ध में देश को विजय दिलवाई थी। फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा ने पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं सहायतार्थ के लिए कई योजना चलाई थी। पूर्व सैनिकों के लिए पुनर्वास महानिदेशालय रक्षा मंत्रालय में उन्हीं के अथक परिश्रम से फलीभूत हुआ।

# शादी के लिए किराए पर मंदिर देने से यादव समाज खफा, मंदिर का किया शुद्धिकरण

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शहर के प्राचीन गोपाल मंदिर में शादी समारोह को लेकर यादव समाज ने भी आपत्ति दर्ज कराई है। मंगलवार को समाज से जुड़े पदाधिकारी ने मंदिर पहुंचकर उसे गंगाजल से धो कर शुद्धिकरण किया। समाज ने मामले के दोषियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग भी की है।**

यादव समाज के लोग पहले राजवाड़ा पर एकत्र हुए। यहां पहले उन्होंने देवी अहिल्या की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए। फिर जय माधव, जय यादव के घोष के साथ मंदिर के सामने पहुंचे। उनके साथ मंदिर को शुद्ध करने के लिए पंडित भी आए थे। समाज से जुड़े राकेश सिंह ने मंदिर की सफाई की और फिर मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने मंदिर का शुद्धिकरण किया। यादव का कहना था कि पहली बार मंदिर को शादी के लिए किराए पर देने के मामला सामने आया है। यह काम अफसरों के इशारे पर हुआ या इसके पीछे अन्य लोग है। इसकी जांच होना चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिर किराए पर देकर समाज की आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए। आपको बता दे कि गोपाल मंदिर में तीन दिन पहले एक विवाह समारोह आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में ही मेहमानों को भोजन परोसा गया और वहां काफी गंदगी भी फैली। गोपाल मंदिर की गिनती प्राचीन मंदिरों में होती है। होलकरशासन काल में निर्माण हुआ था। मंदिर का ढांचा तो व्यवस्थित था, लेकिन परिसर की दूसरे हिस्से टूट चुके थे। पांच साल पहले नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मंदिर की जीर्णोद्धार किया था। इस पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए गए। मंदिर को मूल स्वरुप में लाने के लिए निर्माण की पुरानी पद्धति अपनाई गई। चूने, गुड़, मैथी दाने के मिश्रण से दीवारों का प्लास्टर किया गया और पुरानी लकड़ा का इस्तेमाल मंदिर के निर्माण में किया गया था।



### इंदौर संभाग में 100 से ज्यादा मंदिर

इंदौर संभाग में 100 से ज्यादा मंदिर है। जिनके पास सैकड़ों एकड़ जमीनें है। मंदिर की संपत्ति का रिकार्ड संभागायुक्त कार्यालय में रखा जाता है और मंदिर से जुड़ी समिति हो या ट्रस्ट। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले कार्यालय से अनुमति लेना होती है। इंदौर के बांके बिहारी मंदिर, दुर्गा मंदिर, यशोदा मंदिर, गोपाल मंदिर भी संभागायुक्त कार्यालय के अधीन है। मंदिरों के रिकार्ड की जानकारी संभागायुक्त के अधीन रहने वाले माफी अधिकारी के पास रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई मंदिरों की जमीन कोटवार या पुजारी को देखरेख के लिए दी जाती है। वे जमीन में फसल बोते है और बदले में मंदिर की देखरेख भी करते है। जमीन को लेकर किसी तरह का राजस्व व टैक्स उनके लिए माफ रहता है। इस कारण बोल-चाल की भाषा में कोटवार या पुजारी मंदिर का रिकार्ड रखने वाले अधिकारी को माफी अफसर कहते थे। तब से यह नाम प्रचलित है और अभी भी यह उपयोग में लाया जाता है। सरकारी पत्राचार में भी इसका उल्लेख किया जाता है।

# समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई, किया जाएगा ब्लैक लिस्टेड

### कलेक्टर आशीष सिंह ने ली समीक्षा बैठक

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। इंदौर जिले को प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित करने की तैयारियां अंतिम दौर में है, इसके लिए तेजी से प्रयास जारी है। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में मिशन के अंतर्गत ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन्हें शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने बचे हुए कार्यों को इसी माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस माह के अंत तक कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाए।**

कलेक्टर आशीष सिंह ने यहां कलेक्टर कार्यालय में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, पीएचई के कार्यपालन यंत्री एस.के. उदिया सहित योजना से जुड़े अधिकारी, सरपंच, ठेकेदार आदि मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में पिछले एक सप्ताह में 10 पंचायतों में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, शेष 42 पंचायतों में कुछ ही काम बचा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की शेष पंचायतों में बचे कार्यों को इस माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। कार्य को पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन की कार्य योजना बनाई जाए और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाए। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि हर सप्ताह प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 566 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना स्वीकृत की गई है। जिले में पूर्व से शत-प्रतिशत नल कनेक्शन वाले 29 ग्राम है। इस तरह जिले में कुल 595 ग्रामों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना है। जिले में अभी तक इसमें से 553 गांवों में नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो गया है। उक्त सभी योजनाएं पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई है। शेष 42 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, इन शेष सभी पंचायतों में कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर संबंधित पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर आशीष सिंह ने संबंधित पंचायतों के सरपंचों को भी निर्देशित किया है कि वे पूर्ण योजना को शीघ्र हाथ में लेकर बेहतर संचालन सुनिश्चित करें। हर घर में नल से जल पहुंचाएं। इस कार्य में किसी भी तरह के लापरवाही नहीं बरती जाए।



# गोरक्षा हेतु भगवान को भोग लगाकर प्रार्थना की

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। गोरक्षानार्थ, गोसवर्धन हेतु एवं समाज व राष्ट्र की समृद्धि की भावना को लेकर कामधेनु सेवा समिति व सेवा समिति माहेश्वरी सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में गौराकुंड स्थित जानकीनाथ मंदिर में भगवान जानकीनाथ जी को खीरान का भोग एवं राजभोग लगाया गया। आयोजन के मनोरथी पारस बाहेती, गोपालदास राठी थे। शास्त्रों में ऐसा वर्णन है कि जब जब भी पृथ्वी पर पापाचार, अनाचार, एवं अत्याचार ज्यादा बड़ा है तब तब पृथ्वी गोमाता का रूप धारण कर भगवान के पास धरती पर अवतार लेने की प्रार्थना करने जाती रही है उसी भाव को लेकर कामधेनु सेवा समिति और सेवा समिति माहेश्वरी सोशल ग्रुप द्वारा इन्दौर शहर के सभी गोभक्तो की और से खीरान का भोग लगाया साथ ही राजभोग लगाकर भगवान की आरती की और भगवान जानकीनाथ से प्रार्थना की के सर्वदेवमई गोमाता के दुखो का अंत करो। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य अतिथि ईश्वर बाहेती ने कहा कि राम मंदिर की तो स्थापना हो चुकी है किंतु जब तक देश में गोमाता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता तब तक गो माता को सम्मानजक स्थान नहीं मिलेगा। विशेष अतिथि लव शारदा ने कहा कि जब तक देश में गौहत्या पर प्रतिबंध नहीं लगेगा तब तक रामजी का कार्य पूर्ण नहीं होगा।

### मकर संक्रांति के मौके पर नेहरू स्टेडियम में मनाया पतंग महोत्सव

# विधायक और महापौर भी पहुंचे पतंगबाजी की, गिल्ली-डंडा भी खेला

**इंदौर। मकर संक्रांति के मौके पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आज पतंग महोत्सव मनाया गया। यहां कई लोगों ने पतंगबाजी का आनंद लिया। यहां आर्केस्ट्रा म्यूजिक की भी व्यवस्था की गई थी।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने पतंगबाजी के साथ-साथ सितोलिया और गिल्ली-डंडा जैसे पारंपरिक खेलों का भी लुत्फ उठाया। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, 'सूर्य उत्तरायण में प्रवेश कर रहे हैं। यह क्षण उत्साह, आनंद और नई ऊर्जा का प्रतीक है। खेलों से ज्यादा उत्साह और ऊर्जा कहीं और नहीं होती। 'जी' से गैजेट भी होता है और 'जी' से ग्राउंड भी। असली मजा ग्राउंड पर है।' इधर, शहर के मंदिरों को भी पतंगों से सजाया गया है। रणजीत हनुमान मंदिर में पूरे परिसर को पतंगों से सजाया गया है। मकर संक्रांति और मंगलवार एक साथ होने की वजह से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए यहां पहुंचe। मकर संक्रांति को लेकर सोमवार को इंदौर शहर में दिनभर पतंग और मांझे की खरीदारी का दौर चलता रहा। कागज और पन्नी की पतंगों के साथ-साथ मांझे की भी खूब बिक्री हुई। पतंग की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। मंगलवार को शहर का आसमान पतंगों से सराबोर नजर आya। इंदौर में जगह-जगह पतंग और मांझे की दुकानें सजी रहीं। अलग-अलग रंगों और वैराइटी के मांझों की भी दुकानों पर भारी मांग रही। लोग अपनी-अपनी पसंद की पतंगें खरीदते नजर आए। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में भी पतंगबाजी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।





कनकेश्वरी गरबा परिसर में आज मकर संक्रांति महोत्सव का भव्य किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां क्रिकेट और सितोलिया खेला। पतंग भी उड़ाई। इस दौरान इंदौर-2 के विधायक रमेश मेंदोला सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मंगलवार सुबह 9 बजे अग्रसेन चौराहा स्थित अग्रसेन प्रतिमा पर अभिमंत्रित गंगाजल की 1100 बोतलों और उनके साथ तिल-गुड़ के लड्डुओं का वितरण किया। फाउंडेशन के प्रमुख किशोर गोयल ने बताया महाकुंभ का पहला शाही स्नान भी मकर संक्रांति को है, लिहाजा फाउंडेशन ने संतों के आशीर्वाद स्वरूप शहर के सनातन प्रेमी भक्तों को यह उपहार देने का निर्णय लिया है।

# मातृ शक्तियों ने बनाए तिल के स्वादिष्ट लड्डू

### मकर संक्रांति पर्व पर मेघदूत में हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मकर संक्रांति पर्व सूर्य की उपासना का पर्व है और सूर्य इस दिन से अपने पुत्र शनि के घर की ओर प्रस्थान कर उत्तरायण हो जाते हैं और तिल तिल दिन बड़े होते हैं साथ ही ठंडक भी तिल तिल कम होने लगती है। भागीरथी प्रयास के बाद पृथ्वी पर गंगा का अवतरण हुआ था और संगम हुआ था इसलिए कुंभ का सबसे बड़ा स्नान आज कुम्भ के प्रयाग राज में हो रहा है। ये बात क्लब के प्रशांत इंदुरकर ने कही।**

ये जानकारी देते हुए क्लब के मुख्य प्रशिक्षक जितेंद्र मेश्राम, राजिंदर सिंह भाटिया ने बताया कि आज ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा मकर संक्रांति पर्व मनाया गया सभी का मुह मीठा करवाने के लिए क्लब की चार वरिष्ठ मातृ शक्तियों जिनमें श्रीमती मीना गर्ग,प्रेमलता पोरवाल, मंजुला पालीवाल व मनीषा कोष्ठी ने अपनी वर्षों की मेहनत व तपस्या का स्वाद तिल के लड्डूओं में मिलाया जिसका स्वाद सभी क्लब के सदस्यों ने चखा और प्रशंसा की इस अवसर पर श्री मेश्राम ने कहा कि हम सब पसीना बहाने वाले परिवार के सदस्य है जहां सभी मिलकर एक दूसरे का आदर करते हैं और खुश रहते हैं साथ ही प्रतिदिन ऐरोबिक्स थैरेपी सीखते हैं स्वस्थ रहते हैं और खुद के परिवारो के साथ शहर प्रदेश व राष्ट्र को समृद्ध बनाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं ।




इसके पूर्व आठ डिग्री तापमान में क्लब की ट्रेनर मिष्टी चटर्जी,सुभाष पानतावने,बबलू पाल, सुनील यादव ने वर्क आउट करवाया। इस अवसर पर डीएसपी शैलजा भदौरिया ने स्वादिष्ट लड्डू बनाकर लाने के लिए मातृ शक्तियों को उपहार प्रदान किए ठण्ड के बाबजूद सुबह-सुबह बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए।

# आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 15 मार्च को 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य और संभाग स्तर पर आयोजित समारोह में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारू ने बताया कि यह पुरस्कार संभाग और राज्य स्तर पर अलग-अलग प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार के इच्छुक संगठन और व्यक्तियों से राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिए अलग-अलग आवेदन मंगाये गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था/व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 25 हजार रुपये का दिया जायेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी है। इसी तरह संभाग स्तर पर भी उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन/व्यक्ति को पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 11 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 5 हजार रुपये का दिया जायेगा। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिये ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन व्यक्ति का चयन किया जायेगा, जो विशेष रूप से उपभोक्ता हित संरक्षण एवं संवर्धन में संलग्न हो।

# खुद के एक्सीडेंट से ही सीखा सबक, कांस्टेबल सुमंत सिंह सोशल मीडिया पर दे रहे ट्रैफिक शिक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में यातायात के बिगड़ते हालात को सुधारने के लिए नए नए कदम उठाए जा रहे हैं। कहीं ट्रैफिक के पाठ पढ़ाए जा रहे, तो कहीं नुक्कड़ नाटक भी किए जा रहे हैं। लेकिन इन सभी के बीच इंदौर के ट्रैफिक कांस्टेबल सुमंत सिंह कछावा द्वारा भी एक अलग ही अभियान चलाया जा रहा है। जिसके कारण वह इंदौर ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सुपर स्टार बन गए हैं। दअरसल ट्रैफिक कांस्टेबल सुमंत सिंह कछावा द्वारा सभी तरह के सोशल मीडिया पर ट्रैफिक अवेयरनेस कंटेंट दिखाया जा रहा है। यह कंटेंट कही से कॉपी नहीं किया जाता। हर बार उनका अलग ही कंटेंट होता है। जिसमें कभी इंदौरी तो कभी मालवी भाषा की झलक होती है।कांस्टेबल सुमंत सिंह कछावा कहते हैं कि काम से वक्त निकालने के बाद वह खुद का कंटेंट लिखते हैं। जिसे सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। ये सिलसिला कई सालों से चल रहा है। थोड़ी बहुत वीडियो एडिटिंग भी आती है। जिससे अपनी वीडियो को खुद ही एडिट कर लेता हूं। कॉन्टेंट ट्रैफिक से जुड़ा ही होता है। इसमें इंदौर ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक तक ट्रैफिक की जानकारी पहुंचती है। सोशल मीडिया को लोगों ने गलत बताया, उसे हमेशा नेगेटिव लिया। मैंने हमेशा सोशल मीडिया का इस्लेमाल पॉजिटिव तरीके से किया। जो लोगों को जानकारी दे सकें। यू ट्यूब, फेस बुक और इंस्टा पर हीरो की तरह छाने वाले सुमंत सिंह कछावा कहते हैं कि आज हर व्यक्ति सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा है, आए दिन अलग-अलग वीडियो वायरल हो रहा है। ऐसे में मुझे भी इस तरह का कॉन्टेंट बनाने का विचार आया। यहां छोटी-छोटी वीडियो आपको बहुत बड़े पाठ पढ़ाए जा रहे। कही तीन सिग्नल का एक वीडियो बना हुआ है तो कही जेबरा क्रॉस। कहीं हेलमेट की अहमियत बताई है, तो कही जल्दबाजी में सिग्नल तोड़कर जान जोखिम में डालने की। कांस्टेबल कछावा कहते हैं कि मुझे मेरे एक्सीडेंट ने ही सबक सिखाया। गांव से जब स्टडी के दौरान इंदौर आया तो यहां पर एक बड़ा एक्सीडेंट हो गया। जिसमें मुझे हाथ, पैर और सिर पर चोट लगी। फिर लगा कि लोगों को ट्रैफिक के नियम की जानकारी कम है, जिससे यह हादसे होते हैं। तभी तय कर लिया देश के लिए कुछ करना है और ट्रैफिक कांस्टेबल बन गया। हालांकि एक ट्रैफिक कांस्टेबल बनना भी आसान नहीं होता। पूरे टाइम धूप, बारिश और ठंड में खड़ा रहना पड़ता है लेकिन देश की सेवा कर रहा तो कोई दिक्कत नहीं। दिक्कत वहां आती है, जहां लोग ट्रैफिक नियम जानते हैं, फिर भी वह मानते नहीं। बच्चों और नौसिखिए के हाथ में गाड़ी होती है तो हादसे होते हैं।



# छिंदवाड़ा में निर्माणाधीन कुआं धंसा, 30 फीट की गहराई में फंसे तीन लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां मंगलवार को एक निर्माणाधीन कुएं के धंसने से तीन मजदूर मलबे में दब गए, जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। 12 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और फिलहाल तीनों मजदूर सुरक्षित हैं। मौके पर बचाव कार्य में एनडीआरएफ की टीम भी जुटी हुई है। घटनास्थल पर डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस के साथ मौजूद है। मजदूरों को बचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

बता दें कि छिंदवाड़ा के खुनाझिर खुर्द गांव में एक पुराने कुएं का मलबा निकालकर उसकी मरम्मत की जानी थी। मलबा निकालने के दौरान कुआं धंस गया। कुआं में काम कर रहे कुछ मजदूर बाहर निकल आए। लेकिन, तीन अन्य मलबे में दब गए, जो मजदूर मलबे में दबे हैं, उनमें एक महिला और दो पुरुष हैं। इनके नाम राशिद, वासिद और शहजादी बताए जा रहे हैं।

छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने बताया कि मजदूरों को निकालने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। खुदाई के दौरान मजदूरों को कोई परेशानी न हो इसलिए जाली लगाई गई है, उन्हें सांस लेने में मदद मिल सके इसलिए ऑक्सीजन भी दी जा रही है।

28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में होगा उत्सव मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# आनंद उत्सव में बिखरेंगी खुशियां हर चेहरे पर होगी मुस्कान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जाएगा। डॉ. यादव ने सभी ओर खुशियां बिखरने और हर चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई इस पहल में सभी प्रदेशवासियों से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण राज्य सरकार का प्रण है। लोक-संस्कृति में रची-बसी गतिविधियों का सामुदायिक स्तर पर संचालन जीवन में आनंद का संचार करता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण प्रदेश में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नागरिकों में सहभागिता और उत्साह को बढ़ाने के लिए हर गांव और शहर में समूह स्तर पर परंपरागत खेल और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं सहभागिता है।



**आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए आवश्यक-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों की मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उन्नति और प्रसन्नता, प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए आवश्यक है। आधारभूत आवश्यकताओं तथा अधोसंरचना की उपलब्धता के साथ आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए जरूरी है। सांस्कृतिक आयोजन तथा खेल, व्यक्ति की मानसिक-शारीरिक और भावनात्मक सकुशलता बढ़ाने के मुख्य कारक हैं। आनंद उत्सव का आयोजन इन्हीं तथ्यों के आधार पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियां, भारतीय परम्परा में आनंद की अवधारणा पर केन्द्रित होंगी।

**आनंद उत्सव में दिव्यांगों और बुजुर्गों के अनुकूल भी होंगी गतिविधियां-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परंपरागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, पिट्ठु, सितोलिया, नीबू दौड़ आदि होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक तथा स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। आनंद उत्सव का आयोजन इस तरह होगा, जिससे गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों जैसे महिला-पुरुष, सभी आयु वर्ग के नागरिक, दिव्यांग आदि शामिल हो सकें। उत्सव में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला/पुरुषों, दिव्यांगों और बुजुर्गों की विशेष सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके अनुकूल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

**आयोजन में शासकीय अमले के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी होंगी सहभागी-** राज्य आनंद संस्थान और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधि और राज्य आनंद संस्थान के स्वयं-सेवकों की सक्रिय सहभागिता से हो रहे आनंद उत्सव के आयोजन में ग्राम स्तर पर पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जनपद, अनुविभाग और जिलास्तर पर अधिकारियों को आवश्यक समन्वय का दायित्व सौंपा गया है।

# नकली लिक्विड यूरिया की फैक्ट्री में रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल जिले के मुलताई में पुलिस ने नकली लिक्विड यूरिया बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां ब्रांडेड कंपनियों की असली बाल्टी में नकली लिक्विड यूरिया भरकर कई गुना कीमत पर बेचा जा रहा था। पता चला है कि एक बाल्टी में 15 लीटर यूरिया बनाने में करीब 30 रुपए लागत आती थी। इसे बाजार में 1300 रुपए में बेचा जाता था। इसका खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने सोमवार शाम 7 बजे छापा मारा। यहां से पुलिस ने यहां से आरओ मशीन, मिक्सर मशीन, 2 हजार लीटर लिक्विड यूरिया, 200 से अधिक कंपनियों की बाल्टियां और खाद की आठ बोरियां जब्त की हैं। पुलिस ने फैक्ट्री भी सील कर दिया है। फैक्ट्री के संचालक एजाज खान को भी गिरफ्तार किया है।

# संतरे के बगीचे में चल रही थी ड्रग फैक्ट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** मंदसौर जिले में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने संतरे के बगीचे के बीच छिपी MDMA ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गरोठ तहसील के खारखेड़ा गांव के पास स्थित इस फैक्ट्री से सोमवार को भारी मात्रा में ड्रग बनाने का केमिकल जब्त किया गया है। सीबीएन ने सोमवार देर रात प्रेस नोट जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी। सीबीएन अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री दुर्गम क्षेत्र में थी, जहां वाहनों की पहुंच मुश्किल है। टीम पैदल चलकर ही मौके तक पहुंची। वहां संतरे के बगीचे के बीच एक मकान को लैब में तब्दील किया गया था। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने बताया कि ड्रग बनाने का केमिकल खेत में दबाया गया है। इसके बाद टीम ने खुदाई कर 80 किलो केमिकल बरामद किया।

# नवजात का पेट फूला, तब पता चला कि मलद्वार है ही नहीं

## मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की गजब लापरवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते एक नवजात की जान पर बन आई है। यहां सीजर से पैदा हुए नवजात के शरीर में मल त्याग का रास्ता नहीं था, लेकिन दो दिनों तक डॉक्टरों ने इसे देखा ही नहीं। दो दिनों तक जब बच्चे ने मल त्याग नहीं किया और पेट फूलने लगा, तब उसे आईसीयू में भर्ती कर उसकी जांच की गई। तब डॉक्टरों को यह पता लग पाया कि बच्चे के शरीर में मल त्याग का रास्ता नहीं है। जिसके बाद उसे यहां से जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के बदरा निवासी सुधीर चौधरी ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी अंजली को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। तीन दिन पहले सीजर ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। लापरवाही यह सामने आई कि न तो डॉक्टर और न ही नर्सिंग स्टॉफ ने बच्चे की शारीरिक परीक्षण किया कि सब कुछ ठीक ठाक है या नहीं। बच्चे के परिजन भी निश्चिंत रहे। बच्चे ने मल-मूत्र त्याग नहीं किया तो परिजनों को लगा कुछ दिन बाद करने लगेगा, लेकिन जब नवजात का पेट फूलने लगा और उसकी तबियत बिगड़ने लगी तब उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां पता चला कि नवजात के शरीर में मलद्वार विकसित नहीं हुआ है। इसके बाद आनन-फानन में बच्चे को जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया। नवजात के पिता का कहना था कि यदि उसी दिन समस्या पता चल जाती तो उसकी तबियत बिगड़ने से पहले जबलपुर ले जाते और बच्चे का सही इलाज हो सकता। पिता ने वहां की नर्सिंग स्टाफ एवं डॉक्टर के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बच्चा जब पैदा हुआ, तो उसके कुछ घंटे तक जब उसने मल त्याग नहीं किया, जिसके बाद हमने इसकी जानकारी स्टाफ को दी, लेकिन स्टाफ के द्वारा हमारी बात को नजर अंदाज कर दिया गया और हमें भी लगा कि कुछ दिन बाद बच्चा मल त्याग करेगा। नवजात के पिता ने कहा कि यहां का स्टाफ एवं डॉक्टर को अधूरा ज्ञान है, जिसकी वजह से उन्होंने बच्चे की जांच सही ढंग से नहीं की।

# युवक ने प्रेमिका को सीने में गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ के रेस्टोरेंट में युवक ने युवती को गोली मार दी। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी रेफर कर दिया गया है। वारदात मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। 23 वर्षीय युवती सिविल लाइन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में 24 वर्षीय कपिल तिवारी के साथ बैठी थी।



बातचीत के दौरान उनकी बहस हुई और कपिल ने फायर कर दिया। गोली युवती के सीने में लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने कपिल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने देसी कट्टा जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया है। एसपी मनोहर मंडलोई ने कहा, 'प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था। कुछ दिन से दोनों की बातचीत बंद थी। इसी को लेकर कपिल ने युवती को मिलने बुलाया था। इसी दौरान शादी करने की बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी ने 315 बोर के देसी कट्टे से युवती के सीने में गोली मार दी।'

# अलाव ताप रहे युवक की चाकू मारकर हत्या, बीच-बचाव में जीजा-भांजा लहूलुहान; हिरासत में आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में ईट-भट्टे पर मंगलवार रात 11.30 अलाव ताप रहे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसे बचाने के लिये जीजा और भांजा ने चाकू मारने वाले को रोकने का प्रयास किया, लेकिन हमलावर ने उन्हे भी चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इंदौररोड ग्राम नवाखेड़ा में जितेन्द्र प्रजापत के भट्टे पर रात 11.30 बजे के लगभग चाकूबाजी में 3 लोगों के घायल होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। तीनों को चरक भवन लाया गया, जहां पूछताछ करने पर पता चला कि एक का नाम छोटू पिता छोटेलाल है, जिसकी हालत काफी गंभीर है। दूसरा घायल उसका जीजा गरीबदास और तीसरा भानेज पवन है। तीनों को उपचार के लिये भर्ती किया। कुछ देर बाद छोटू की मौत हो गई।

घायलों ने बताया कि रात में अलाव ताप रहे थे, उसी दौरान समीप भट्टे पर काम करने वाला अजय आया और छोटू पर चाकू से हमला किया। उसे बचाने के लिये पहुंचे तो अजय ने उन पर भी वार कर दिये। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में पहले प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया गया था। छोटू की मौत होने पर हत्या की धारा बढ़ाई गई है। घटनाक्रम के बाद ही आरोपी का नाम सामने आने पर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी। जिसे मंगलवार तड़के हिरासत में ले लिया है।

## संपादकीय

### रोबोटिक म्यूल भी करेंगे परेड

15 जनवरी को पुणे में होने वाली आर्मी डे परेड में रोबोटिक म्यूल भी परेड करते दिखाई देंगे। ये रोबोटिक म्यूल चीन बॉर्डर (नॉर्दन बॉर्डर) पर तैनात हैं। इंडियन आर्मी पहली बार परेड में इन्हें शामिल कर रही है। कुछ महीने पहले ही रोबोटिक म्यूल आर्मी में शामिल हुए और ये लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास सैनिकों के साथ अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी आर्मी के पास इस तरह के 70 रोबोटिक म्यूल हैं। ये सभी नॉर्दन बॉर्डर पर तैनात हैं। ये 30 किलो तक वजन उठा सकते हैं। अभी ये 10 फीट की ऊंचाई पर आसानी से चढ़ सकते हैं। लेकिन इनकी क्षमता बढ़ाने पर काम लगातार जारी है। जिसके बाद ये ज्यादा वजन भी उठा सकेंगे और ज्यादा टफ टेरेन में भी चढ़ सकेंगे। आर्मी में अभी इनका इस्तेमाल लॉजिस्टिक और सर्विलांस के लिए किया जा रहा है। इनमें थर्मल कैमरे और सेंसर लगे हैं। पहाड़ी इलाके में इन्हें आगे भेजकर निगरानी रखी जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक अभी ये रोबोटिक म्यूल का बेसिक वर्जन है लेकिन आगे चलकर इन्हें वेपनाइज भी किया जाएगा यानी इनमें स्मॉल आर्म्स फिट किए जा सकते हैं जो किसी सैनिक की तरह ही दुश्मन का मुकाबला करेंगे। अभी ये रिमोट से चलते हैं और इनका रिमोट इनसे कुछ दूरी पर ही सैनिकों के हाथ में ही है। बाद में यह दूरी बढ़ाई जा सकती है ताकि कई किलोमीटर दूर से भी इन्हें ऑपरेट किया जा सके, इस पर काम चल रहा है।आर्मी के एक अधिकारी ने कहा कि अब स्वदेशी इंडस्ट्री इस तरह की तकनीक पर काम कर रही है और जल्द ही ज्यादा क्षमता वाले और ज्यादा स्मार्ट रोबोटिक म्यूल आर्मी को मिल सकते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*मिरे जुनूँ का नतीजा*
*ज़रूर निकलेगा*
*इसी सियाह समुंदर से*
*नूर निकलेगा*

*-अमीर क़ज़लबाश*

**OSHO कहिन**

**"प्यार तब होता है जब आप किसी को वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे वे हैं, बिना उनकी उम्मीदें बदलने की चाहत के।"**



## ज्ञान-विज्ञान

### अंतरिक्ष में अनोखी घटना

# 160000 साल बाद पहली बार धरती से दिखाई देने जा रहा दुर्लभ धूमकेतु

**नासा एस्ट्रानॉट ने खींची तस्वीर**

खगोलविदों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वाले एक ऐसी घटना का गवाह बनने वाले हैं, जो 160,000 वर्षों में पहली बार होने जा रही है। आने वाले दिनों में दुनिया भर के आसमान में एक चमकीला धूमकेतु (Comet) दिखाई दे सकता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इस बारे में जानकारी दी है। नासा ने संभावना जताई है कि धूमकेतु C2024 G3 (एटलस) इतना चमकीला होगा कि उसे नंगी आंखों से देखा जा सकेगा।



सोमवार को धूमकेतु सूर्य के सबसे करीब स्थित बिंदु पेरिहेलियन पर था। इस बिंदु से निर्धारण होता है तो वह कितना चमकीला दिखाई देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोमवार रात से दिखाई दे सकता है। हालांकि, यह किस जगह पर सटीक दिखाई देगा, अभी तक इस बारे में स्पष्ट पता नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसे दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे अच्छी तरह से देखा जा सकता है।

### सामने आई धूमकेतु की अंतरिक्ष से गई तस्वीर

इस बीच नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई धूमकेतु की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने लिखा, 'किसी धूमकेतु को कक्षा से देखना पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। एटलस C2024-G3 हमसे हाथ मिलाने आया है।'

### दक्षिणी गोलार्द्ध में साफ आएगा नजर

विशेषज्ञों का कहना है कि यह शुक्र ग्रह की तरह चमकीला हो सकता है। धूमकेतु को पिछले साल नासा के एस्टेरॉयड अलर्ट सिस्टम से देखा गया था। एक्सपर्ट का कहना है कि वर्तमान गणना से संकेत मिलता है कि यह सूर्य से लगभग 1.33 करोड़ किलोमीटर की दूरी से होकर गुजरेगा। सभी धूमकेतुओं की तरह इसकी चमक अप्रत्याशित हो सकती है। जो लोग दक्षिणी गोलार्द्ध में रहते हैं, उन्होंने सूर्योदय से पहले पूर्वी क्षितिज को ओर देखना चाहिए।

### भारत में क्या होगी स्थिति?

बीबीसी की रिपोर्ट में किंग्स कॉलेज में ब्रह्मांड विज्ञान के शोधकर्ता डॉ. श्याम बालाजी ने कहा कि यह काफी चमकीला होने की उम्मीद है, लेकिन धूमकेतु की चमक के बारे में भविष्यवाणियां बेहद अनिश्चित हैं। कई धूमकेतुओं की चमक शुरू में की गई भविष्यवाणी से कम दिखाई देती है। उत्तरी गोलार्द्ध में रहने वालों के लिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारत भी उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इस बीच खगोलविद धूमकेतु के रास्ते पर नजर रख रहे हैं।

New Delhi

# शराब घोटाले में केजरीवाल और सिसोदिया पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, गृह मंत्रालय ने ED को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है. इससे पहले दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी. पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ईडी को सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा चलाने से पहले अनुमति लेनी होगी.



अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उनके और अन्य के खिलाफ ईडी की चार्जशीट अवैध है, क्योंकि अभियोजन शिकायत दर्ज करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी. दिसंबर 2024 में ईडी ने एलजी को एक पत्र लिखा था. इसमें कहा गया था कि मंजूरी दी जानी चाहिए क्योंकि शराब घोटाला मामले में केजरीवाल 'किंगपिन और प्रमुख साजिशकर्ता' हैं.

पिछले दिनों दिल्ली हाई कोर्ट ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा में देरी को लेकर आम आदमी पार्टी (AAP) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को फटकार लगाई. जस्टिस सचिन दत्ता की सिंगल-जज बेंच ने कहा कि CAG रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखना पड़े, इसलिए दिल्ली सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने से अपने

Maharashtra

## काउंसलिंग के नाम पर नाबालिग बच्चियों से रेप, Psychologist ने 15 साल में 50 को बनाया शिकार

**नागपुर, (एजेंसी) यानी मनोवैज्ञानिक, इसका काम होता है काउंसलिंग करना और सही दिशा दिखाना लेकिन ऐसे ही एक मनोवैज्ञानिक ने बच्चों को सही दिशा दिखाना तो छोड़िए ,बल्कि कई बच्चियों का जीवन ही बर्बाद कर दिया. ये आंकड़ा एक दो नहीं है बल्कि 50 से अधिक का है इसमें कई ऐसी बच्चियां है, जिनका इस मनोवैज्ञानिक ने नाबालिग रहते हुए दुष्कर्म किया. बाद में वह उनकी शादी होने के बाद भी उनकी फोटो दिखा के ब्लैकमेल कर उनके साथ दुष्कर्म करता रहा.**

ये मामला महाराष्ट्र के नागपुर का है, जहां एक मनोवैज्ञानिक पिछले 15 सालों से 50 से अधिक विद्यार्थियों को कथित रूप से ब्लैकमेल कर उनका यौन शोषण कर रहा था. इस मनोवैज्ञानिक की उम्र 47 वर्ष है और ये 2 बच्चियों का बाप है. ये बच्चों को आवासीय मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराता था और ग्रामीण इलाके जैसे भंडारा ,गोंदिया जिले से आने वाले बच्चों को सेशन देता था. इसी 'काउंसलिंग कैंप' के नाम पर वह बच्चों और बच्चियों को बहार लेकर जाता था और गरीब बच्चियों के साथ रेप करता था. आरोपी के कारनामे यहीं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उसने अपने इलाके में कई महिलाओ के साथ भी छेड़छाड़ की है. इसका CCTV फुटेज भी सामने आया है और पुलिस ने इस मामले में FIR दर्ज की है. इसकी इन्हीं हरकतों की वजह से इसे बीच सड़क कई बार पीटा भी गया है. बावजूद इसके राजेश ढोके ने अपनी हरकतें नहीं छोड़ीं.

Bihar

## आवारा कुत्तों का कहर! बिहार में 10 साल की बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला

**विभूतिपुर, समस्तीपुर, (एजेंसी)** बिहार में आवारा कुत्तों ने 10 साल की एक बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला है। दिल दहला देने वाली यह घटना समस्तीपुर की है। समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड के भरपुरा पटपारा के वार्ड 14 चोचाही गांव में आवारा कुत्तों ने 10 साल की मासूम को काट-काट कर मौत के घाट उतार दिया। मृत बच्ची रेशम कुमारी चोचाही गांव निवासी मनोज यादव की पुत्री बतायी गयी है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम बच्ची अपने घर के निकट खेल रही थी। उसी दौरान आवारा कुत्तों का एक झुंड वहां पहुंचा और उसने बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुन जब तक लोग दौड़कर पहुंचते तब तक कुत्तों ने बच्ची को कई जगहों पर नोंच कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। जिससे कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व आवारा कुत्तों ने बकरी के कई बच्चों पर भी हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारा था। तब लोगों ने बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया था। लेकिन अब इस घटना के बाद से गांव में आवारा कुत्तों से दहशत का माहौल है। ग्रामीण उससे बचने के लिए एकजुट होकर उनकी खोज में जुटे हुए हैं। इधर, परिजनों ने मृत बच्ची का मंगलवार शाम ही दाह संस्कार कर दिया।

Chhattisgarh

## बदमाशों ने गार्ड को गोली मारकर कैश कलेक्शन टीम से लूटे 78 लाख

**जांजगीर चांपा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ से नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक गार्ड को गोली मारकर लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। बदमाश घटना को अंजाम देकर 78 लाख रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घायल गार्ड को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामला जांजगीर के चांपा जिले के खोखरा गांव स्थित शराब की दुकान का है। गार्ड शराब की दुकान में रुपए कलेक्शन के लिए पहुंचा था।

लूट की यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरा में स्थित देशी शराब भट्टी के पास शाम के समय हुई। कलेक्शन टीम ने क्षेत्र की अलग-अलग शराब दुकानों से लगभग 78 लाख रुपये इकट्ठा किया था। जब टीम खोखरा शराब दुकान से कैश



लेने पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां आ धमके। गार्ड को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार से फायरिंग की, जिससे गार्ड के पैर में गोली लग गई। गार्ड मौके पर ही गिर पड़ा और बदमाश वैन में रखे कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए। खून से लथपथ गार्ड को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खेल



## जिला कराटे प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिला शिको काई कराटे संघ द्वारा अयोजित हुई इंदौर जिला कराटे प्रतियोगिता में जिले के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता का शुभारम्भ मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश जी मेंदोला ने किया। विशेष अथिति के रुप में मध्य प्रदेश खेल कराटे संघ के सचिव महेश कुशवाह जी, सेंड विल्सन पायलेटी स्कूल के प्राचार्य डेट्स थॉमस उपस्थित रहे! सभी अतिथियों का स्वागत मयूर यादव ,हिमांशु कल्याणी, मुस्कान चौहान दीपक खरे , राहुल जाट ,विमल राय श्रेयांश पाटिल अवधेश पाल ने किया! आभार अजय शुक्ला ने माना!

सिनेमा

## राम कपूर का खुलासा- राखी सावंत का इंडस्ट्री ने गलत इस्तेमाल करना चाहा, उसके साथ बहुत बुरा और गंदा हुआ



राखी सावंत खूब विवादों में रही हैं। उनका और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है। पर यह भी सच है कि उन्होंने शोबिज इंडस्ट्री में अपने दम पर खुद की जगह बनाई है। आज सब उन्हें जानते हैं कि वह राखी सावंत हैं। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने के लिए राखी सावंत ने खूब स्ट्रगल तो किया ही, फिल्म इंडस्ट्री में भी काफी कुछ झेलना पड़ा। एक्टर राम कपूर ने एक हाल ही एक इंटरव्यू में राखी के स्ट्रगल के बारे में बात की। राम कपूर ने कहा कि इंडस्ट्री ने राखी का फायदा उठाने की कोशिश की। उन्होंने बहुत कुछ झेला और वह राखी की इज्जत करते हैं। राम कपूर ने साल 2009 में 'राखी का स्वयंवर' होस्ट किया था। तब वह न सिर्फ राखी को करीब से जाने, बल्कि उनकी इज्जत भी करने लगे। राम कपूर ने कहा, 'इंडस्ट्री ने उन्हें 'सेक्सी डांसर' की छवि में ढालने की कोशिश की। राखी सावंत का नाम आज पूरा देश जानता है। वह मुंबई में एक 3 BHK सी-फेसिंग अपार्टमेंट में रहती है, जहां मैं जा चुका हूं। इसके लिए उन्हें सलाम। यह उन्होंने खुद अपने दम पर हासिल किया है। हालांकि, राम कपूर ने यह भी कहा कि राखी सावंत जो कुछ भी कहती हैं, वह उससे सहमत नहीं हैं, पर वह उनके सफर का सम्मान करते हैं।

# स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का आईपीओ 16 जनवरी को खुलेगा

## कुल इश्यू साइज – 10 प्रति शेयर के 2,21,61,396 इक्विटी शेयर तक

## फ्रेश इश्यू – 10 प्रति शेयर के 1,78,58,740 इक्विटी शेयर तक

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा अतिरिक्त कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, महाराष्ट्र के खालापुर में सेमीकंडक्टर और स्पेशलिटी गैस डेबल्किंग और ब्लेंडिंग सुविधा के लिए पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने, आंध्र प्रदेश के मंबट्टू में रेफ्रिजरेंट डेबल्किंग और ब्लेंडिंग सुविधा के लिए पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बिडिंग 15 जनवरी 2025 को खुलेगी और इश्यू 20 जनवरी 2025 को बंद होगा।

इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर सारथी कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है। शहजाद शेरियार रुस्तमजी, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने व्यक्त किया, 'जैसे ही हम अपने आईपीओ की तैयारी कर रहे हैं, हमें अपनी यात्रा और उपलब्धियों पर गर्व के साथ चिंतन करने का अवसर मिल रहा है। चार सुविधाओं से संचालन करते हुए, हमारी कंपनी कई उद्योगों को गैस प्रदान करती है और लगातार सेवा और विश्वसनीयता के माध्यम से ग्राहकों के बीच एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है।' 'IPO फंडिंग हमारे खलापुर, महाराष्ट्र और मंबट्टू, आंध्र प्रदेश संयंत्रों में सेमिकंडक्टर और विशेष गैस डिबलिंग और ब्लेंडिंग, साथ ही रेफ्रिजरेंट डिबलिंग और ब्लेंडिंग सुविधाओं के लिए पूंजीगत व्यय को समर्थन प्रदान करेगी, और वृद्धि की अतिरिक्त कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करेगी। ये निवेश हमें वृद्धि और विस्तार के नए चरण को बढ़ावा देने के लिए तैयार करेंगे।'

# Union Budget: 25 key terms you must know before Nirmala Sitharaman's speech

**NEW DEIHI, (Agency).** Union Budget 2025: Finance minister Nirmala Sitharaman is scheduled to present the Union Budget 2025, or the second full budget of Modi 3.0, marking her eighth presentation.

However, it is important to understand some key terms before the budget gets presented on February 1.

25 key terms you must know in Budget 2025

1) Annual Financial Statement (AF)

The Annual Financial Statement (AF) is a document, which highlights the receipts and expenditures of the government during the financial year.

2) Budget estimate

The Budget Estimate refers to the estimated funds to be allotted to ministries, departments, sectors, and schemes. It is also used to determine how and where the money will be used and what costs will be incurred in that period.




3) Capital expenditure (capex)

Capital expenditure, also known as "capex," is the total amount of money that the Centre is planning to use for the development and acquisition of assets that can help boost the economy.

4) Capital receipts

Capital receipts for the government refer to the funds it receives from borrowing, asset sales, or equity investments.

5) Cess

Cess is an additional tax added to income tax with the objective of funding specific aspects like health and education.

# 'Take a step back...': HR head defends L&T chairman Subrahmanyan amid '90-hour work week' controversy

**Mumbai, (Agency).** Larsen & Toubro lead HR Sonica Muraleedharan has strongly defended chairman SN Subrahmanyan, who is facing criticism over his recent "90-hour work week" statement.

In a long post on LinkedIn, Muraleedharan urged people to "take a step back" and "fully understand" the "context and intent" of Subrahmanyan's remark before "rushing to judgment."

Muraleedharan sought to provide further clarity on Subrahmanyan's comment, noting that she was present for the internal address during which he made the controversial suggestion.



"It' truly disheartening to see how the words of our MD and Chairman have been taken out of context, leading to misunderstandings and unnecessary criticism. I can confidently state that SNS (SN Subrahmanyan) never implied or mandated 90-hour work weeks. His remarks were casual in nature and have been misinterpreted, fuelling a controversy that doesn't reflect his true intentions," the HR head, who has been with the company for five years, wrote.

"Personally vouching" for Subrahmanyan, Muraleedharan hailed him for his "leadership style" and for treating every employee as "part of an extended family."

"SNS consistently demonstrates an exceptional ability to balance his demanding professional commitments while creating a nurturing and empowering environment for his team. He always encourages us to embrace innovation, continuously develop our skills, and grow both personally and professionally.

# रात को हुआ ऐसा हादसा, जिसने एक मजदूर की जान ले ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के पिपल्याहाना ब्रिज पर अलसुबह एक दर्दनाक ट्रक हादसा हुआ, जिसमें एक मजदूर की जान चली गई और दूसरा घायल हो गया। घटना में एक दंपती बाल-बाल बच गया। तिलक नगर पुलिस के अनुसार, यह हादसा रिंग रोड पर पिपल्याहाना ब्रिज के पास सुबह करीब 5 बजे हुआ। ट्रक भोपाल से इंदौर आ रहा था, तभी ब्रिज से टकरा गया। इस हादसे में अजमेर (राजस्थान) निवासी समीर पुत्र मुबारिक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, नानकराम पुत्र बलराम को गंभीर चोटें आईं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ। हादसे के वक्त समीर का जीजा रूबाब और उसकी पत्नी वहां मौजूद थे, लेकिन वे बाल-बाल बच गए।

नानकराम ने पुलिस को बताया कि वे भोपाल से झूला ट्रक में लोड कर इंदौर के लालबाग में लगाने के लिए आ रहे थे। झूला सलमान भाई का था, जिसके लिए ट्रक



किराये पर लिया गया था। झूले और सामान की निगरानी के लिए वे अक्सर केबिन की छत पर बिस्तर लगाकर सोते थे। हादसे के वक्त समीर, नानकराम और अन्य लोग वहीं बैठे थे। अचानक ट्रक की केबिन का ऊपरी हिस्सा ब्रिज से टकरा गया। इस टक्कर से समीर गंभीर रूप से दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ड्राइवर ने ट्रक पीछे लिया, लेकिन तब तक समीर की सांसें थम चुकी थीं। नानकराम को सिर और हाथ-पैर में चोटें आईं। समीर मूल रूप से राजस्थान के अजमेर के पास एक गांव का निवासी था। पिछले एक साल से वह झूले वाले सलमान के साथ काम कर रहा था। उसके जीजा रूबाब और बहन भी इसी काम में लगे हुए हैं। नानकराम पिछले छह महीने से इस काम से जुड़ा हुआ है। समीर के परिवार में एक भाई है, लेकिन उसकी पत्नी से तलाक हो चुका है। सड़क हादसों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय में इंदौर में मेट्रो, ब्रिज और अन्य निर्माण की वजह से भी लगातार हादसे हुए हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु के मामलों में भी इंदौर नंबर दो शहर देश की सूची में रहा है।

# चायना डोर से युवक की गर्दन कटी, मौत

## रिश्तेदार के साथ गैस टंकी लेने जा रहा था, फूटी कोठी ब्रिज की घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के फूटी कोठी ब्रिज पर चाइना डोर से युवक की गर्दन कटने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है, जब 22 वर्षीय हिमांशु सोलंकी अपने रिश्तेदार के साथ गैस की टंकी लेने जा रहा था। इस दौरान ब्रिज से गुजरते समय चाइना डोर से उसकी गर्दन कट गई।

घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, हिमांशु महू के भेरूलाल पाटीदार कॉलेज का प्रथम वर्ष का छात्र था और पिछले एक साल से सुदामा नगर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। हिमांशु के पिता संजय मनावर में बैंक में कार्यरत हैं, और उसकी मां आंगनवाड़ी में काम करती हैं। उनका छोटा भाई मनावर में 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है।

घटना में हिमांशु के साथ बैठे विनोद को भी चाइना डोर से आंख के पास चोट आई है। फिलहाल, विनोद की स्थिति और उसका स्थान अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों को एवीपी अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल भेजा गया। यह घटना चंदन नगर में हुई, जब दोनों गैस सिलेंडर लेने जा रहे थे।

### अरविंदो अस्पताल के मॉर्चुरी रूम में फांसी के फंदे पर झूला सुपरवाईजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अरविंदो अस्पताल के एक कर्मचारी ने बीती रात आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह रात में ड्यूटी पर आए थे और उसके बाद अस्पताल के मॉर्चुरी रूम में बने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब स्टाफ पहुंचा, तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम सोनू खाटवा (50) है, जो अरविंदो अस्पताल में मॉर्चुरी इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। रात को ड्यूटी के बाद उन्होंने अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# कॉलोनी में चोरी कर रहे थे बदमाश, रहवासियों ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में रहवासियों की मदद से पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा है। बताया जाता है कि रात के समय चोर ई-रिक्शा में मशीन और लोहे का सामान भरकर ले जा रहे थे। जब रहवासियों ने उन्हें देखा, तो शोर मचा दिया। घबराकर दो बदमाश पड़ोसी की छत से कूदकर भागने लगे। इनमें से एक को एक रहवासी ने धक्का देकर गिरा दिया और बाद में भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। इस बीच ई-रिक्शा में अपने साथियों का रास्ता देख रहा चोर भी पकड़ा गया। पुलिस अब तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है। द्वारकापुरी थाने के शांतिनाथपुरी इलाके में सोमवार रात करीब 11:45 बजे रहवासियों ने अजय यादव और उसके साथी यश सिंदुरिया को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपियों का तीसरा साथी राज यादव फरार है। तीनों बदमाश एक निर्माणाधीन मकान के लिए लाए गए सामान को चुराकर ई-रिक्शा में भर रहे थे। चोरों ने लोहे की मशीन और अन्य सामान चोरी किया था। इस बीच गली में रहने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें देखा और चोर निर्माणाधीन मकान में घुस गए। वहां से वे एक अन्य परिवार की छत पर कूद गए। घर में मौजूद एक लड़की ने चोरों को देखकर शोर मचाया। तभी एक रहवासी सन्नी ने अजय यादव को धक्का देकर गिरा दिया।

# ऑनलाइन फ्रॉड में 2 लाख की ठगी सिम बंद कर खाते से निकाले पैसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के एक मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़ित की सिम एक दिन के लिए बंद कर दी थी। अगले दिन जब सिम चालू हुई, तो पीड़ित को बैंक की ओर से चार मैसेज मिले, जिनमें उनके खाते से करीब 2 लाख रुपए दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने की जानकारी दी गई।**

शिकायतकर्ता कृष्णानाथ फुंदे, निवासी मालवीय नगर ने बताया कि वे एक प्राइवेट जॉब करते हैं और उनका खाता एसबीआई ब्रांच 54 में है। 21 सितंबर 2024 से 22 सितंबर 2024 के बीच उनके खाते से चार यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें करीब 2 लाख रुपए निकाले गए। उन्होंने बताया कि मैंने कोई ऑनलाइन बैंकिंग नहीं की। किसी को ओटीपी भी साझा नहीं किया। फिर भी उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। शिकायतकर्ता कृष्णानाथ फुंदे ने बताया कि 20 सितंबर 2024 की रात को उनकी सिम में नेटवर्क नहीं आ रहा था। अगले दिन सिम बंद रही। सिम चालू करवाने के लिए उन्होंने कंपनी से संपर्क किया, तो पता चला कि उनकी सिम ब्लॉक हो चुकी थी। सिम चालू होने के बाद बैंक से आए अलर्ट एसएमएस से उन्हें जानकारी मिली। इसके बाद कृष्णानाथ ने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन और अन्य विभागों में लिखित शिकायत की। विजयनगर पुलिस ने मंगलवार को मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विदेश भेजने के नाम पर 10 लाख की ठगी

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दुबई भेजने के बहाने 10 लाख रुपए की ठगी की थी और लंबे समय से फरार था। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि उसने लखनऊ में भी एक फर्जी कंपनी बनाई थी और वहां भी लोगों से ठगी की। आरोपी पहले छत्तीसगढ़ की जेल में फ्रॉड के मामले में बंद रह चुका है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक